# जनपद शामली पुलिस

**--सोशल मीडिया सेल शामली--**

**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक-24.01.2025**

**सर्विलांस सैल व थाना कांधला, थाना गढ़ीपुख्ता व थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा संयुक्त व त्वरित कार्यवाही करते हुये 24 घण्टे की अल्प अवधि में 05 अपहर्ता/गुमशुदा बरामदः-**

पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार अपहर्ता/गुमशुदा की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सर्विलांस सैल व थाना कांधला, थाना गढ़ीपुख्ता व थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा संयुक्त व त्वरित कार्यवाही करते हुये 24 घण्टे की अल्प अवधि में 05 अपहर्ता/गुमशुदा को सकुशल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। थाना कांधला पुलिस द्वारा 02 अपहर्ता, थाना गढ़ीपुख्ता पुलिस द्वारा 01 गुमशुदा, थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 02 अपहर्ता को बरामद किया गया है। गुमशुदा/अपहर्ताओं की बरामदगी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानो पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में 02 अलग-अलग मामलों में 03 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई सजा व 2,000/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया:-</u>**

1. वर्ष 2019 में अभियुक्त महताब उर्फ नन्हें पुत्र इस्तकार निवासी मौहल्ला खैल कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मु0अ0सं0 358/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था । इसी क्रम में आज दिनांक 24.01.2025 को माननीय न्यायालय एसीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को जेल में बितायी गयी अवधि के कारावास व 1,000/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर 03 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

2. वर्ष 2020 में अभियुक्तगण 1.अंग्रेज कुमार पुत्र धर्मवीर निवासी ताहरपुर भभीसा थाना कांधला जनपद शामली 2.गौरव कुमार पुत्र ओमपाल निवासी ताहरपुर भभीसा थाना कांधला जनपद शामली के विरुद्ध थाना कांधला पर मु0अ0सं0 662/20 धारा 294 भादवि पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 24.01.2025 को माननीय न्यायालय एसीजेएम कैराना, शामली द्वारा प्रत्येक अभियुक्त 5,00-5,00/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर 06-06 दिवस अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

**<u>नाम व पता अभियुक्तगण:-</u>**

1.महताब उर्फ नन्हें पुत्र इस्तकार निवासी मौहल्ला खैल कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली।

2.अंग्रेज कुमार पुत्र धर्मवीर निवासी ताहरपुर भभीसा थाना कांधला जनपद शामली।

3.गौरव कुमार पुत्र ओमपाल निवासी ताहरपुर भभीसा थाना कांधला जनपद शामली।

**<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>**